लखनऊ, भोपाल, जयपुर, आगरा, गोण्डा, सुल्तानपुर, अमेठी और फैज़ाबाद में प्रसारित

हिन्दी व अंग्रेज़ी साप्ताहिक समाचारपत्र

खुशी समय

KHUSHI SAMAY

RNI No.: UPBIL/2012/46720

HINDI & ENGLISH WEEKLY NEWSPAPER

LUCKNOW

● वर्ष 9 ● अंक 37 | लखनऊ, रविवार 11 जुलाई 2021 | पृष्ठ - 8 मूल्य -2 रुपये

२ से ज्यादा बच्चे पैदा हुए तो नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी, कई और सुविधाओं से भी धोना होगा हाथ

लखनऊ (सरदार नक़ी लाल) उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा प्रस्तावित जनसंख्या नियंत्रण विधेयक के एक मसौदे के अनुसार, उत्तर प्रदेश में २ बच्चों की नीति का उल्लंघन करने वाले को स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने, सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन करने, पदोन्नति और किसी भी प्रकार की सरकारी सब्सिडी प्राप्त करने से वंचित कर दिया जाएगा। राज्य विधि आयोग ने उत्तर प्रदेश जनसंख्या (नियंत्रण, स्थिरीकरण एवं कल्याण) विधेयक-२०२१ का प्रारूप तैयार कर लिया है।

उत्तर प्रदेश राज्य विधि आयोग (न्चैस्) की वेबसाइट के मुताबिक, 'राज्य विधि आयोग, यूपी राज्य की जनसंख्या के नियंत्रण, स्थिरीकरण और कल्याण पर काम कर रहा है और एक विधेयक का प्रारूप तैयार किया है।' विधि आयोग ने इस विधेयक का प्रारूप अपनी सरकारी वेबसाइट पर अपलोड किया है और १६ जुलाई तक जनता से इस पर राय मांगी गई है। इस विधेयक के प्रारूप के अनुसार इसमें २ से अधिक बच्चे होने पर सरकारी नौकरियों में आवेदन से लेकर स्थानीय निकायों में चुनाव लड़ने पर रोक लगाने का प्रस्ताव है। इसमें सरकारी योजनाओं का भी लाभ न दिए जाने का जिक्र है।

प्रारूप में कहा गया है, 'दो बच्चे के मानदंड को अपनाने वाले लोक सेवकों (सरकारी नौकरी करने वालों) को पूरी सेवा में मातृत्व या पितृत्व के दौरान दो अतिरिक्त वेतन वृद्धि मिलेगी। इसके अलावा राष्ट्रीय पेंशन योजना के तहत पूरे वेतन और भत्तों के साथ १२ महीने की छुट्टी और नियोक्ता के योगदान कोष में ३ प्रतिशत की वृद्धि की बात भी कही गयी हैं।' अधिनियम के कार्यान्वयन के उद्देश्य से एक राज्य जनसंख्या कोष का गठन किया जाएगा।

सरकार के कर्तव्यों को सूचीबद्ध करते हुए, मसौदा विधेयक में कहा गया है, 'सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रसूति केंद्र स्थापित किए जाएंगे। केंद्र और गैर सरकारी संगठन गर्भनिरोधक गोलियां, कंडोम आदि वितरित करेंगे, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से परिवार नियोजन के तरीकों के बारे में जागरूकता फैलाएंगे और राज्य भर में गर्भधारण, प्रसव, जन्म और मृत्यु का अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित करेंगे।इसमें यह भी कहा गया है कि सभी माध्यमिक विद्यालयों में जनसंख्या नियंत्रण से संबंधित एक अनिवार्य विषय पेश करना सरकार का कर्तव्य होगा।

मसौदा विधेयक में कहा गया है कि दो बच्चों के मानदंड को लागू करने और बढ़ावा देकर राज्य की जनसंख्या को नियंत्रित करने, स्थिर करने और कल्याण करने के उपायों को प्रदान करने का प्रयास किया जायेगा। इसमें कहा गया है, 'उत्तर प्रदेश में, सीमित पारिस्थितिक और आर्थिक संसाधन हैं। यह जरूरी है कि किफायती भोजन, सुरक्षित पेयजल, अच्छे आवास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच सहित मानव जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं का प्रावधान हो। आर्थिकध आजीविका के अवसर, घरेलू उपभोग के लिए बिजली और एक सुरक्षित जीवन सभी नागरिकों के लिए सुलभ हो।'

मसौदा विधेयक में कहा गया है कि अधिकाधिक एक समान वितरण के साथ सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य की जनसंख्या को नियंत्रित करना, स्थिर करना आवश्यक है। मसौदा विधेयक में कहा गया है कि राज्य में जनसंख्या नियंत्रण, स्थिरीकरण और इसके कल्याण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, पहुंच और सामर्थ्य बढ़ाने से संबंधित उपाय सुनिश्चित करना आवश्यक है।

दिलीप कुमार का जाना हमारे सांस्कृतिक जगत की हानि - पीएम मोदी

नई दिल्ली। दिग्गज फिल्म अभिनेता दिलीप कुमार के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने दिलीप कुमार के निधन को देश के सांस्कृतिक जगत की हानि बताये हुए कहा है कि उन्हें सिनेमा के लीजेंड के तौर पर याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिलीप कुमार को उन्हें अद्वितीय प्रतिभा का आशीर्वाद प्राप्त था, जिसके कारण पीढ़ी दर पीढ़ी दर्शक मंत्रमुग्ध होते थे।

प्रधानमंत्री से पहले दिलीप कुमार के निधन पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शोक जताया है। राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय सिनेमा में दिलीप कुमार के असाधारण योगदान को आने वाली पुश्तें याद रखेंगी। राहुल गांधी ने दिलीप कुमार के परिवार, मित्र और समर्थकों के साथ अपनी संवेदना व्यक्त की है।

मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले कुछ बीजेपी नेताओं को मिल सकती है यह जिम्मेदारी

नयी दिल्ली (आईएनआईएस) कुछ केंद्रीय मंत्रियों के इस्तीफे से उनके समर्थक सकते में हैं। उन्हें इसका अंदेशा भी नहद्द था कि उनके नेता का मंत्री पद चला जाएगा। अब उनकी नई भूमिका को लेकर भी कयास लगने लगे हैं। संभावना है कि रविशंकर प्रसाद, हर्षवर्धन और प्रकाश जावड़ेकर सहित १२ मंत्रियों की विदाई के बाद अब इनमें से कुछ को भारतीय जनता पाटी (बीजेपी) संगठन में अहम जिम्मेदारी सौंपी जाए। केंद्रीय मंत्रिपरिषद में बुधवार को हुए फेरबदल और विस्तार में बीजेपी महासचिव भूपेंद्र यादव और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अन्नपूर्णा देवी सहित पाटी संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां संभाल रहे पांच नेताओं को मंत्री बनाया गया है। भूपेंद्र यादव को केंद्रीय श्रम एवं रोजगार के अलावा वन एवं पर्यावरण मंत्री भी बनाया गया है। वहद्ध, अन्नपूर्णा देवी को शिक्षा राज्यमंत्री बनाया गया है। इन दोनों नेताओं के अलावा पाटी के राष्ट्रीय सचिव विश्वेश्वर टुडु, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव चंद्रशेखर और तमिलनाडु बीजेपी के अध्यक्ष एल मुरुगन को केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल किया है। बीजेपी में 'एक व्यक्ति, एक पद' का सिद्धांत लागू है, इसलिए माना जा रहा है कि सरकार में शामिल किए गए नेताओं की जगह संगठन में नए लोगों को जिम्मेदारी दी जा सकती है। यह संभावना जताई जा रही है कि प्रसाद, हर्षवर्धन और जावड़ेकर सहित केंद्रीय मंत्रिपरिषद से बाहर किए गए नेताओं को संगठन में भूमिका दी जा सकती है। इन तीनों नेताओं के अलावा थावरचंद गहलोत, संतोष गंगवार, रमेश पोखरियाल निशंक, सदानंद गौड़ा, बाबुल सुप्रियो, देबश्री चौधरी, संजय धोत्रे, रतनलाल कटारिया और प्रतापचंद सारंगी को भी मंत्रिपरिषद से हटाया गया है। गहलोत को तो कर्नाटक का राज्यपाल नियुक्त कर दिया है, लेकिन उनके इस्तीफे से राज्यसभा में नेता सदन का पद भी खाली हो गया है। वह पाटी की सर्वोच्च नीति निर्धारक इकाई संसदीय बोर्ड में लंबे समय तक दलित प्रतिनिधि के रूप में भी रहे हैं।

पाटी संविधान के मुताबिक संसदीय बोर्ड में अध्यक्ष के अतिरिक्त १० सदस्य होते हैं। पाटी महासचिवों में से एक इस संसदीय बोर्ड का सचिव होता है। लेकिन वर्तमान संसदीय बोर्ड में सात ही सदस्य हैं। इनमें भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और संगठन महामंत्री बी एल संतोष शामिल हैं। संसदीय बोर्ड में भी तीन पद फिलहाल रिक्त हैं। वर्तमान में बीजेपी संगठन में भूपेंद्र यादव सहित आठ महासचिव, अन्नपूर्णा देवी सहित १२ उपाध्यक्ष और टुडु सहित १३ सचिव हैं। जनवरी २०२० में बीजेपी का अध्यक्ष बनने के बाद नड्डा ने लगभग आठ महीने के बाद अपनी टीम बनाई थी। अभी तक पाटी संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां संभाल रहे नेताओं को सरकार में शामिल किए जाने के बाद अब कयास लगाए जाने लगे है कि पाटी संगठन में नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है।

हालांकि इस बारे में पाटी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने बस इतना ही कहा कि संगठन के बारे में नियुक्ति संबंधी कोई भी फैसला लेने का अधिकार अध्यक्ष का है। अगले साल की शुरुआत में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में विधानसभा चुनाव होने हैं और संभावना जताई जा रही है कि इसको मद्देनजर रखते हुए प्रसाद, जावड़ेकर, निशंक और हर्षवर्धन सहित कुछ नेताओं को संगठन में शामिल कर चुनावी राज्यों की जिम्मेदारी दी जा सकती है। प्रसाद और जावड़ेकर पहले भी बीजेपी संगठन में अहम भूमिका निभा चुके हैं। निशंक उत्तराखंड के मुख्यमंत्री भी रहे हैं जबकि हर्षवर्धन दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष के रूप में भी काम कर चुके हैं। बहरहाल, जिन ३६ नए चेहरों को मंत्रिपरिषद में शामिल किया गया है उनमें उत्तर प्रदेश से सर्वाधिक सात चेहरों को जगह दी गई। उत्तर प्रदेश के बाद सबसे अधिक प्रतिनिधित्व पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और महाराष्ट्र को मिला है। इन राज्यों से चार-चार सांसदों को मंत्रिपरिषद में जगह दी गई है। गुजरात से तीन, मध्य प्रदेश, बिहार और ओड़िशा से दो-दो नेताओं को मंत्री बनाया गया है जबकि उत्तराखंड, झारखंड, त्रिपुरा, नयी दिल्ली, असम, राजस्थान, मणिपुर ओर तमिलनाडु से एक-एक नेता को मंत्रिपरिषद में जगह मिली है।

Ramagya Distributors Pvt. Ltd.
(Deals in Writing and Printing Papers)
Gwynne Road ,Aminabad ,Lucknow
Phone:0522-4001081,9415018235
We Deal In : *All Writing and Printing Paper Solutions
*Call For Printing and Writing Paper Solutions.

KHUSHI FOUNDATION
Smile for Every Face
C-695,Ist Floor,Sector-6,Indira Nagar,Lucknow-226016,
www.khushifoundation.net

केरल में मंगलवार को कोरना वायरस से संक्रमण के १४,३७३ नए मामले सामने आए।

तिरुवनंतपुरमरू केरल में मंगलवार को कोरना वायरस से संक्रमण के १४,३७३ नए मामले सामने आए। इसके साथ ही सूबे में इस घातक वायरस के संक्रमण की चपेट में आने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर २६,६६,०६४ हो गई। वहद्व, राज्य सरकार ने टीकाकरण अभियान में १८-२३ साल के कॉलेज के छात्रों, निजी बस कर्मचारियों और प्रवासी कामगारों को तरजीह देने का फैसला किया है। इसके साथ ही सरकार ने ऐसे लोगों को पर्यटन स्थल पर जाने की इजाजत देने की बात कही है जिन्होंने कोविड का टीका लगवा लिया है और जिनके पास आरटी-पीसीआर निगेटिव सर्टिफिकेट है।

सरकार ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहा कि १०,७५१ व्यक्ति कोरोना वायरस के संक्रमण से ठीक हो गए हैं, जिससे कुल स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर २८,७७,५५७ हो गई है। आंकड़े के मुताबिक, इस समय केरल में कुल १,०४,१०५ मरीजों का इलाज चल रहा है। संक्रमण के कारण हाल ही में हुई १४२ मौतों के साथ सूबे में इस घातक वायरस के संक्रमण की चपेट में आकर अपनी जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर १३,९६० हो गई। विज्ञप्ति के मुताबिक, राज्य में अब तक, २,३७,६८,११२ सैंपल्स की जांच की गई है।

मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में संक्रमण दर के अनुसार क्षेत्रों को पुनर्वगीऔत करने के बाद कोविड प्रतिबंधों को संशोधित करने का निर्णय लिया गया। एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया कि जो आगंतुक टीका लगवा चुके हैं और जिनके पास त्ज्-च्ब्त् निगेटिव प्रमाण पत्र हैं, उन्हें पर्यटन स्थलों पर जाने की अनुमति दी जा सकती है। वहद्व, अगर कोरोना के मामलों में कमी आती है तो ही सरकार अन्य ढील देने के बारे में सोचेगी। सरकार ने टीकाकरण अभियान के लिए १८-२३ वर्ष की आयु के कॉलेज छात्रों, अतिथि श्रमिकों (प्रवासी श्रमिकों) और निजी बस कर्मचारियों को वरीयता देने का भी निर्णय लिया।

गुड न्यूज! गाजियाबाद के पास नोएडा जितने इलाके को बनाया जाएगा निवेश क्षेत्र, १० महीने के अंदर होगा ये बड़ा काम

नोएडा (आईएनआईएस) उत्तर प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा निवेश लाकर राज्य की अर्थव्यवस्था को और ज्यादा मजबूत बनाया जाए, इसको लेकर यूपी सरकार लगातार काम कर रही है। प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के लिए सरकार निवेशकों से संवाद भी कर रही है और नए इंडस्ट्रियल एरिया बनाने पर भी विचार कर रही है, अब उत्तर प्रदेश सरकार गाजियाबाद और नोएडा के बेहद नजदीक दादरी और बुलंदशहर में लगभग नोएडा के बराबर के इलाके में निवेश क्षेत्र बनाने जा रही है। इसका नाम दादरी-गाजियाबाद- नोएडा निवेश क्षेत्र (डीजीएनआईआर) है।

ये निवेश क्षेत्र उत्तर प्रदेश के दो जिलों गौतम बुद्ध नगर और बुलंदशहर के ८० गांवों में फैला होगा, जो करीब २०० वर्ग किलोमीटर के इलाके में होगा। नोएडा प्राधिकरण की ब्म्ट रितु माहेश्वरी ने एक आधिकारिक के जरिए बताया कि ष्इनमें से ६० गांव बुलंदशहर में आते हैं जबकि २० गांव गौतम बुद्ध नगर में हैं। खुर्जा और दादरी के बीच स्थित यह निवेश क्षेत्र २०० वर्ग किलोमीटर के इलाके में है जो लगभग नोएडा के बराबर है। दादरी-गाजियाबाद-नोएडा निवेश क्षेत्र (डीजीएनआईआर) के लिए मास्टर प्लान विकसित करने से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। अधिकारियों ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण और दिल्ली के स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) के बीच सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। श्मास्टर प्लान २०४१श् १० महीने के भीतर सौंप दिए जाने की उम्मीद है।

४२ प्रतिशत मंत्रियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की, एडीआर रिपोर्ट में किया गया दावा

नयी दिल्ली। (आईएनआईएस) चुनाव सुधारों के लिये काम करने वाले समूह एडीआर की एक रिपोर्ट के मुताबिक मंत्री परिषद के ७८ मंत्रियों में से ४२ प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की घोषणा की है जिनमें से चार पर हत्या के प्रयास से संबंधित मामले भी हैं। बुधवार को १५ नए कैबिनेट मंत्रियों तथा २८ राज्य मंत्रियों ने शपथ ली जिसके बाद मंत्री परिषद के कुल सदस्यों की संख्या ७८ हो गई। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने चुनावी हलफनामों का हवाला देते हुए कहा कि इन सभी मंत्रियों के किये गए विश्लेषण में ३३ प्रतिशत (४२) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने का उल्लेख किया है। करीब २४ या ३१ प्रतिशत मंत्रियों ने हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती आदि समेत गंभीर आपराधिक मामलों की घोषणा की है। गृह राज्य मंत्री बने कूच बेहार निर्वाचन क्षेत्र के निशित प्रमाणिक ने अपने खिलाफ हत्या से जुड़े एक मामले की घोषणा की है। वह ३५ वर्ष के मंत्री परिषद के सबसे युवा चेहरे भी हैं। चार मंत्रियों ने हत्या के प्रयास से जुड़े मामलों की घोषणा की है। ये मंत्री हैं जॉन बारला, प्रमाणिक, पंकज चौधरी और वी मुरलीधरन।



जिन मंत्रियों का विश्लेषण किया गया उनमें से ७० (९० प्रतिशत) करोड़पति हैं और प्रति मंत्री औसत संपत्ति १६.२४ करोड़ रुपये है। चार मंत्रियों ने ५० करोड़ रू से ज्यादा की संपत्ति का उल्लेख किया है। ये मंत्री हैं ज्योतिरादित्य सिंधिया, पीयूष गोयल, नारायण तातु राणे और राजीव चंद्रशेखर।

बच्चों को महफूज बनाने में जुटी आधी आबादी

अनिल द्विवेदी खुशी समय

लखनऊ - कोविड-19 की तीसरी लहर का सबसे अधिक असर बच्चों पर पड़ने की आ रहद्व खबरों के बीच सरकार जहाँ स्वास्थ्य व्यवस्था को चाकचौबंद करने में जुटी है वहीं माताएं अपने नौनिहालों को शारीरिक व मानसिक रूप से कोरोना से लड़ने के काबिल बनाने पर ध्यान दे रहद्व हैं । बच्चों की इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के बारे में डाक्टर से मिली सलाह का शत प्रतिशत पालन हो रहा है तो कोविड अनुरूप व्यवहार अपनाने की आदत डालने पर भी फोकस है। घर से बाहर न निकल पाने के कारण बच्चे मानसिक रूप से परेशान न हों इसके लिए परिवार के लोग इनडोर गेम या अन्य गतिविधियों में उन्हें व्यस्त रखने की कोशिश में जुटे हैं ।

खानपान का रख रहीं ख्याल : इंदिरानगर निवासी ऋचा द्विवेदी अपनी साढ़े तीन साल की बेटी को किसी भी संक्रमण से मजबूती से लड़ने के काबिल बनाने में जुटी हैं । उनका कहना है कि बच्चे की इम्यूनिटी जितनी मजबूत होगी उतनी ही मजबूती से वह बीमारियों से लड़ सकेगा । खाने में हरी साग सब्जियों और मौसमी फल पर जोर दे रही हैं तो शरीर में पानी की कमी न होने पाए उसका भी ख्याल रख रही हैं । बेटी को फलों का जूस देने के बजाय वह फलों को काटकर खाने को देती हैं। इसके पीछे उनकी सोच है कि इससे बच्चा फलों के कलर व आकार आदि के बारे में भी समझता है और मन लगाकर खाता भी है। हल्दी-दूध (गोल्डन मिल्क) को रूटीन में शामिल कर लिया है ।

परिवार के हर सदस्य का टीकाकरण जरूरी :आलमबाग निवासी अर्शिया अपनी आठ साल की बेटी को कोरोना की तीसरी लहर से सुरक्षित बनाने के लिए सबसे पहले तो परिवार के सभी सदस्यों के कोविड टीकाकरण पर जोर दे रही हैं ताकि वायरस घर तक न पहुँच सके । उनका मानना है कि अभी बच्चों का टीका तो आया नही है इसलिए वायरस से लड़ने के काबिल उन्हें बेहतर पोषण और जरूरी एहतियात बरतकर ही बनाया जा सकता है। इसमें उनका साथ पूरा परिवार भी दे रहा है

नियमित टीके का रखें ख्याल : इंदिरानगर की दीपा अपनी तीन माह की बेटी के जरूरी टीके के बारे में बराबर सजग रहती हैं । उनकी सभी से अपील भी है कि इस कोरोना काल में भी बच्चे के नियमित टीकाकरण का पूरा ख्याल रखें । नियमित लगने वाले टीके बच्चों को बीमारियों से बचाने के साथ ही उनसे लड़ने की ताकत भी देते हैं और उन्हें स्वस्थ रखने में भी मददगार हैं।

फास्ट फूड से बना लें दूरी : गोमतीनगर निवासी भावना तिवारी अपनी छह साल की बेटी और दो साल के बेटे को फास्ट फूड से बिल्कुल दूर रखती हैं। एसजीपीजीआई में कार्यरत भावना इसके अलावा बच्चों को कोल्डड्रिंक आइसक्रीम व ठंडी चीजों को बिल्कुल खाने को नही देती क्योंकि वह उनकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

योग और इनडोर गेम पर रहता है जोर : राजाजीपुरम निवासी ऋतिका श्रीवास्तव अपनी सात साल की बेटी और पांच साल के बेटे को योग और इनडोर गेम में व्यस्त रखती हैं ताकि वह मानसिक रूप से परेशान न हों और उनमें गुस्सा व चिड़चिड़ापन न आने पाए । इससे बच्चों का घर पर मन लगा रहता है और वह बाहर जाने की जिद भी नहद्व करते हैं । वह खुद योग करती हैं और बच्चों को भी उसे करने के लिए प्रेरित करती हैं।

कोविड सम्बन्धी किसी भी आपात स्थिति में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर- **1075,** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के बच्चों के हेल्पलाइन नम्बर **1098** और मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी किसी समस्या के लिए निम्हंस के हेल्पलाइन नम्बर **08046110007** पर संपर्क किया जा सकता है ।

वाजपेयी ने जब दिलीप कुमार को थमा दिया था फोन, पाक पीएम नवाज शरीफ को खूब लगाई थी फटकार

ट्रेजडी किंग दिलीप कुमार आज हमारे बीच नही रहे। लंबे समय से बीमार चल रहे दिलीप कुमार ने मुंबई के हिंदुजा अस्पताल में ९८ वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। मौजूदा पाकिस्तान के पेशावर में जन्मे दिलीप कुमार भारत के ही नही बल्कि दुनिया भर के चहेते अभिनेता थे। दिलीप कुमार का जन्म स्थान भले ही आज पाकिस्तान की सरहद के भीतर हो, लेकिन दिलीप साहेब का दिल हिंदुस्तान में बसता था।

पाकिस्तान की हरकतों से दिलीप बेहद नाराज थे, लेकिन १९९९ में जब पाकिस्तान ने कारगिल में भारत पर हमला किया तो उनका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया था। इससे जुड़ा एक किस्सा काफी चर्चित भी हुआ था। दरअसल दिलीप कुमार की भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से गहरी दोस्ती थी। १९९९ में कारगिल युद्ध के बाद एक बार नवाज शरीफ से बात करते वक्त वाजपेयी ने अचानक फोन अपने पास ही बैठे दिलीप कुमार को थमा दिया था। फिर क्या था दिलीप कुमार ने नवाज शरीफ को जमकर फटकार लगा दी। उन्होंने शरीफ को शराफत में रहने की सलाह दे डाली।

नवाज शरीफ और दिलीप कुमार के बीच हुई इस गर्मागमी का जिक्र पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद कसूरी ने अपनी किताब श्नाइदर अ हॉक नॉर अ डवश् में भी किया था। किताब के मुताबिक, एक दिन नवाज शरीफ के पास भारत के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की ओर से फोन आया। वाजपेयी ने नवाज शरीफ से कहा कि श्मुझे आपने लाहौर बुलाया। गले मिलकर स्वागत किया और अब देश के साथ ऐसा कर रहे हैं।नवाज शरीफ को वाजपेयी के इन शब्द बाणों का जवाब नहद्व सूझा तो उन्होंने कहा कि श्आप किस बारे में बात कर रहे हैं मैं आपकी बात आमी चीफ से करवाता हूं।श् नवाज शरीफ फोन काटते इससे पहले ही वाजपेयी ने उनसे कहा कि श्मुझे आपसे किसी की बात करवानी है।श् अटल बिहारी वाजपेयी ने फोन दिलीप कुमार को थमा दिया। उस वक्त दिलीप कुमार वहीं थे। दिलीप कुमार की बातें सुनकर नवाज शरीफ भी हैरान रह गए।

फोन पर दिलीप कुमार ने नवाज शरीब को खूब खरी खोटी सुनाते हुए कहा कि श्साहब आप हमेशा भारत-पाकिस्तान के बीच शांति के मुद्दे पर अडिग रहे हैं आप ऐसा करेंगे ऐसी उम्मीद नहद्व थी। दोनों देशों के बीच के तनाव के चलते भारत में मुसलमान अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। ऐसे हालातों से निपटने के लिए कुछ कीजिए।

हर परिवार के एक शख्स को मिलेगी सरकारी नौकरी? जानिए- क्या है सच्चाई

नई दिल्ली (आईएनआईएस) बड़ी संख्या में युवाओं का सपना होता है कि वह सरकारी नौकरी करें। हर साल लाखों युवा सरकारी नौकरियों के लिए अप्लाई करते हैं। ऐसे में कुछ लोग सरकारी नौकरियों से जुड़ी अफवाहें भी फैला रहे हैं। दरअसल,

एक यूट्यूब चौनल पर दावा किया गया है कि केंद्र सरकार हर परिवार से एक शख्स को सरकारी नौकरी दे रही है।

लेकिन, क्या यह दावा सही है? इसी सवाल की खोज के लिए केंद्र सरकार की एजेंसी प्रेस इनफॉर्मेशन ब्यूरो की फैक्ट चेक विंग ने इस दावे की पड़ताल की। च्ठ की फैक्ट चेक विंग ने इस दावे की भी जांच की। जांच में पता चला कि दावा फेक है। च्ठ फैक्ट चेक ने इस संबंध में अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से यह जानकार दी। पीआईबी की फैक्ट चेक विंग ने/पीआईबी फैक्ट चेक से ट्वीट किया, 'दावा' एक यूट्यूब चौनल पर दावा किया जा रहा है कि केंद्र सरकार द्वारा 'एक परिवार एक नौकरी योजना' के तहत हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। पीआईबी फैक्ट चेक यह दावा फर्जी है। केंद्र सरकार द्वारा ऐसी कोई योजना नहीं चलाई जा रही है।

गौरतलब है कि पीआईबी की फैक्ट चेक विंग सरकार या उसकी योजनाओं से जुड़ी संदेहपूर्ण खबरों का फैक्ट चेक करती है। पीआईबी की यह विंग सरकार, सरकारी योजनाओं, राष्ट्र और लोगों के हितों से जुड़े तथ्यों, जानकारियों, दावों और अफवाहों की पड़ताल करती है।

अगर आपको भी केंद्र सरकार की नीतियोजना से जुड़ी किसी खबर या दावे में कोई संदेह है तो आप भी च्ठ की फैक्ट चेक विंग से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए आप उन्हें /पीआईबी फैक्ट चेक पर ट्वीट, ८७६६७११२५६ पर व्हाट्सएप और pibfactcheck@gmail.com पर मेल कर सकते हैं।

इन दिनों एक ऐप काफी चर्चाओं में है जिसका नाम सुली डील्स एप है।

नई दिल्ली (आईएनआईएस) इन दिनों एक ऐप काफी चर्चाओं में है जिसका नाम सुली डील्स

एप है। इस ऐप पर मुस्लिम महिलाओं की जानकारी साझा करने को लेकर दिल्ली महिला आयोग ने स्वतरू संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। मीडिया में ये खबरें आने के बाद आयोग ने इसको लेकर दिल्ली पुलिस से कई डिटेल्स मांगी गईं हैं। दिल्ली महिला आयोग ने पुलिस को १२ जुलाई तक का वक्त दिया गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की है।

इस ऐप का पता हाल ही में चला जब लोगों ने ट्विटर पर डील्स ऑफ द डे शेयर करना शुरू किया। इस ऐप में मुस्लिम महिलाओं की नाम, फोटो और सोशल मीडिया प्रोफाइल शेयर की जा रही हैं। इसमें महिलाओं के नाम के आगे कीमत भी लिखी गई थी। इसमें ८० से ज्यादा महिलाओं की तस्वीर उनके नाम के साथ डाली गईं थी। इस ऐप को गिटहब नाम के ओपन सोर्स प्लैटफॉर्म पर बनाया गया था जिसमें टॉप पर लिखा था फाइंड योर सुल्ली डील। जैसे ही इस पर क्लिक किया जाता तो एक मुस्लिम महिला की फोटो, नाम और ट्विटर हैंडल की डिटेल्स सामने आ जाती थी। फिलहाल इसे गिटहब से हटा दिया गया है। वही, एक शिकायत मुंबई पुलिस में भी की गई है। जवाब में साकीनाका पुलिस स्टेशन की ओर से ट्विटर इंडिया और गिटहब को चिट्ठी लिख कर ऐप बनाने वाले और इसे ट्विटर पर शेयर करने वालों की जानकारी मांगी है। गिटहब से पुलिस ने आईपी एड्रेस, लोकेशन और ऐप कब बना हैं- इसकी जानकारी मांगी है। साथ ही ऐप को बनाने में इस्तेमाल होने वाला इमेल आईडी और फोन नंबर भी मांगा है। इसके अलावा ट्विटर से कुछ आपत्तिजनक ट्वीट डिलीट करने और उस हैंडल को चलाने वाले लोगों का डेटा मांगा गया है।

जम्मू-कश्मीर में २०११ की जनगणना पर होगा परिसीमन, बढ़ाई जाएंगी ७ सीटें

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर पर बने परिसीमन आयोग ने बड़ा ऐलान किया है। आयोग के सदस्य और मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में २०११ जनगणना के आधार पर परिसीमन होगा। सुशील चंद्रा ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में सात सीटें और बढ़ाई जाएंगी इनमें एसटी कोटे की सीट भी होंगी।

जम्मू-कश्मीर के परिसीमन पर वहां के दौरे के बाद जम्मू में प्रेस वार्ता के दौरान सुशील चंद्रा ने कहा कि आयोग ने जम्मू-कश्मीर के सभी जिला अधिकारियों से मुलाकात की है और सभी अधिकारियों ने उन्हें कई परिसीमन को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी हैं। वर्ष १९६५ में जम्मू-कश्मीर में १२ ही जिले होते थे लेकिन अब वहां पर जिलों की संख्या को बढ़ाकर २० कर दिया गया है और साथ में तहसीलों की संख्या भी बढ़ाई गई है। परिसीमन आयोग के सदस्य सुशील चंद्रा ने पत्रकारों को यह भी बताया कि अगले साल मार्च तक जम्मू-कस्मीर का परिसीमन पूरा होने की उम्मीद जताई जा रही है और परिसीमन के लिए २०११ की जनगणना को आधार माना जाएगा। उन्होंने बताया कि परिसीमन की कठिन लेकिन जरूरी प्रक्रिया में ७ अतीरिक्त सीटें जोड़नी है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान के गैर कानूनी कब्जे वाले कश्मीर के लिए भी जम्मू-कश्मीर विधानसबा में २४ अलग सीटें होंगी। जम्मू-कश्मीर के कुछ राजनीतिक दल वहां पर परिसीमन से पहले पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग कर रहे हैं और साथ में यह भी कह रहे हैं कि पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने के बाद वहां पर विधानसभा चुनाव कराए जाएं और उसके बाद परिसीमन की कार्रवाई हो।

विश्व जनसंख्या दिवस विशेष, परिवार नियोजन की अलख जगाएंगे पंचायत प्रतिनिधि

परिवार कल्याण कार्यक्रमों को सही मायने में धरातल पर उतारने को लेकर हर स्तर पर हरसंभव प्रयास निरंतर जारी हैं ताकि लोगों को 'छोटे परिवार के बड़े फायदे' की बात आसानी से समझाई जा सके । इस बारे में बड़े पैमाने पर जनजागरूकता के उद्देश्य से ही हर साल 11 जुलाई को विश्व जनसँख्या दिवस मनाया जाता है। इस दिवस पर मथुरा जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने एक अनूठी पहल की है, जिसका जिक्र करना लाजिमी है। जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से जिले के सभी पंचायत प्रतिनिधियों को पत्र जारी कर घर-घर परिवार नियोजन की अलख जगाने की अपील की गयी है। ग्राम प्रधानों ने भरोसा जताया है कि वह लोगों को इस बारे में जागरूक करने का हरसंभव प्रयास करेंगे ।

मथुरा के जिलाधिकारी नवनीत चहल, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नितिन गौड़ और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रचना गुप्ता के संयुक्त हस्ताक्षर से पंचायत प्रतिनिधियों को पत्र भेजकर कोरोना से बचाव के साथ परिवार नियोजन कार्यक्रमों में भी मदद की अपील की गयी है । पत्र में जिक्र है कि पंचायत प्रतिनिधियों की गाँव के विकास में अहम् भूमिका है लेकिन बिना परिवार नियोजन के हम सही अर्थों में विकास के उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर सकते । इसलिए आइये हम सभी "परिवार नियोजन जीवन बचाता है " मूल मन्त्र को ध्यान में रखते हुए यह

प्रण करें कि कोविड-19 के साथ-साथ परिवार नियोजन कार्यक्रम में भी केंद्र व

राज्य सरकार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और उत्तर प्रदेश तकनीकी सहयोग इकाई (यूपी टीएसयू) के साथ मिलकर कार्य करेंगे । कोरोना को देखते हुए ही इस बार विश्व जनसँख्या दिवस पखवारे की थीम "आपदा में भी परिवार नियोजन की तैयारी, सक्षम राष्ट्र और परिवार की पूरी जिम्मेदारी" तय की गयी है।

मथुरा के जिलाधिकारी नवनीत चहल का कहना है कि विश्व जनसँख्या दिवस के जरिये परिवारों की बढती आबादी, लिंग असमानता, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, गरीबी, मानवाधिकार, स्वास्थ्य के अधिकार, यौन शिक्षा, निरोधकों और कंडोम, प्रजनन स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य, गर्भावस्था, बालिका शिक्षा, बाल विवाह, यौन संचारित संक्रमण और सुरक्षा उपायों का उपयोग आदि के बारे में जनजागरूकता लायी जाती है ।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नितिन गौड़ का कहना है कि प्रदेश में उपलब्ध विकास के संसाधनों का समुचित वितरण और बढती जनसँख्या दर के बीच संतुलन बनाने के लिए जनसँख्या स्थिरीकरण आज के समय की सर्वाधिक आवश्यकता है। इसके लिए सभी सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों में इन सेवाओं व सुविधाओं को प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। निजी अस्पतालों को भी हौसला साझीदारी के माध्यम से इस मुहिम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रचना गुप्ता का कहना है कि जिले में 27 जून से 10 जुलाई तक दम्पति संपर्क पखवारा चलाया गया। आशा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लक्ष्य दम्पति की सूची तैयार की है और लोगों को परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित किया है। अब 11 से 31 जुलाई तक सेवा प्रदायगी पखवारा मनाया जाएगा और अंतराल विधियों को अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा । इस कार्य में यूपी टीएसयू के साथ ही सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार), जननी और पीएसआई टीसीआईएचसी समेत कई अन्य स्वयंसेवी संस्थाएं भरपूर मदद पहुंचा रहीं हैं ।

- मथुरा जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की अनूठी पहल
- संयुक्त हस्ताक्षर से प्रतिनिधियों को पत्र भेजकर मांगी मदद
- मुखिया ने कहा- हर किसी को बताएँगे छोटे परिवार के बड़े फायदे

से जोड़ा गया है। विकास खंड बलदेव के हथकौली गाँव के प्रधान काली चरण का कहना है कि 11 से 31 जुलाई तक चलने वाले जनसँख्या स्थिरता पखवारे के दौरान वह आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर लक्षित दम्पति तक पहुंचकर उन्हें परिवार नियोजन की सेवाओं से जोड़ने का कार्य करेंगे । परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने का भी प्रयास होगा । पुरुष नसबंदी को लेकर जो भी भ्रांतियां हैं उन्हें दूरकर जिनका परिवार पूर्ण हो गया है, उन लोगों को नसबंदी के लिए प्रेरित करेंगे।

सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों पर उपलब्ध सेवाएं :

- स्थायी विधि- महिला व पुरुष नसबंदी
- अस्थायी विधि - ओरल पिल्स, निरोध, आईयूसीडी प्रसव पश्चात गर्भ समापन पश्चात् आईयूसीडी, गर्भ निरोधक इंजेक्शन अंतरा व हार्मोनल गोली छाया (सैंटोक्रोमान)

विश्व जनसँख्या दिवस की शुरुआत :

विश्व जनसँख्या दिवस के आयोजन पर 11 जुलाई 1987 को दुनिया की आबादी के पांच अरब पहुँचने पर विचार किया गया था । इस दिवस के आयोजन के बारे में विश्व बैंक के सीनियर डेमोग्राफर डॉ. के. सी. जकरिया द्वारा सुझाया गया था। यह आयोजन वर्ष 1989 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की गवर्निंग काउंसल द्वारा स्थापित किया गया था।

-शशिधर द्विवेदी

यूपी में कोरोना के कप्पा वैरिएंट के पहले मरीज ने तोड़ा दम, मचा हड़कंप

लखनऊ (एस.एन.लाल) देवरिया और गोरखपुर में डेल्टा प्लस स्ट्रेन के दो मामले पाए जाने के बाद अब संत कबीर नगर में एक मरीज कोविड-१९ के कप्पा स्ट्रेन से पॉजिटिव पाया गया है। ६६ वर्षीय मरीज की मौत हो गई है। जीनोम अनुक्रमण अभ्यास के दौरान स्ट्रेन का पता चला था। उनका नमूना १३ जून को नियमित रूप से इक्ट्ठा किया गया था और सीएसआईआर के इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी, नई दिल्ली को भेजा गया था, जिसने नमूने में कप्पा स्ट्रेन की पुष्टि की है।

डेल्टा प्लस की तरह, कप्पा को भी चिंता का एक रूप घोषित किया गया है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रमुख अमरेश सिंह ने कहा कि मरीज ने २७ मई को कोविड का परीक्षण किया था और उसे १२ जून को मेडिकल कॉलेज लाया गया था। १३ जून को सैंपल लिया गया था।

सिंह ने कहा, ९१४ जून को इलाज के दौरान मरीज की मौत हो गई। उसकी कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहद्र थी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि राज्य से जीनोम अनुक्रमण के लिए २,००० से अधिक नमूने भेजे गए हैं। इस सप्ताह उत्तर प्रदेश में पहली बार डेल्टा प्लस स्ट्रेन के दो मामले दर्ज किए गए। अधिकारियों ने कहा कि चूंकि तीनों रोगियों में से किसी का भी यात्रा इतिहास नहद्र था, इससे पता चलता है कि राज्य में वायरस उत्परिवर्तित हो रहा है।

सम्पादकीय

युवाओं की क्षमता का दोहन

भारत में ६२प्रतिशत से अधिक जनसंख्या की आयु १५ से ५६ वर्ष के बीच है तथा जनसंख्या की औसत आयु ३० वर्ष से कम है। इसका तात्पर्य यह है कि भारत जनसंख्या की आयु संरचना के आधार पर आर्थिक विकास की क्षमता का प्रतिनिधित्व करने वाले श्जनसांख्यिकीय लाभांश के चरण से गुजर रहा है।

हालाँकि इस क्षमता को वास्तविकता में बदलने के लिये किशोरों और युवाओं को स्वस्थ एवं सुशिक्षित होना आवश्यक है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश पर एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश का अवसर वर्ष २००५-०६ से वर्ष २०५५-५६ तक ५ दशकों के लिये उपलब्ध है। इसलिये 'जनसंख्या विस्फोट' की आशंका से अधिक यह महत्त्वपूर्ण है कि भारत युवा जनसंख्या की स्वास्थ्य सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करे क्योंकि भारत का कल्याण इसी पर निर्भर है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुसार, जनसांख्यिकीय लाभांश का अर्थ है, 'आर्थिक विकास क्षमता जो जनसंख्या की आयु संरचना में बदलाव के परिणामस्वरूप प्राप्त हो सकती है, मुख्यतः जब कार्यशील उम्र की आबादी (१५ से ६४ वर्ष) का हिस्सा गैर-कार्यशील उम्र (१४ और उससे कम, तथा ६५ एवं उससे अधिक) की आबादी से बड़ा हो'।

शिक्षा और कौशल की कमीरू भारत की अल्प-वित्तपोषित शिक्षा प्रणाली युवाओं को उभरते रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने हेतु आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिये अपर्याप्त है। विश्व बैंक के अनुसार, शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय वर्ष २०२० में सकल घरेलू उत्पाद का केवल ३.४प्रतिशत था। एक अन्य रिपोर्ट से पता चला है कि प्रति छात्र सार्वजनिक व्यय के मामले में भारत ६२वें स्थान पर है और छात्र-शिक्षक अनुपात एवं शिक्षा उपायों की गुणवत्ता में इसका प्रदर्शन खराब रहा है।

महामारी का प्रभावरू विभिन्न अध्ययनों से पता चलता है कि स्कूल बंद होने से बच्चों की शिक्षा, जीवन और मानसिक कल्याण पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के एक सर्वेक्षण से पता चलता है कि दुनिया भर में महामारी के दौरान ६५प्रतिशत किशोरों की शिक्षा में कमी आई है। युवा महिलाओं के मुद्दे : बाल विवाह, लिंग आधारित हिंसा, दुर्व्यवहार और तस्करी के प्रति उनकी संवेदनशीलता, खासकर यदि प्राथमिक देखभाल करने वाले बीमार पड़ जाते हैं या मर जाते हैं जैसे मुद्दे युवा महिलाओं को उनकी पूरी क्षमता हासिल करने से रोकते हैं।

रोजगार विहीन विकासरू भारत के सकल घरेलू उत्पाद में मुख्य योगदानकर्त्ता सेवा क्षेत्र है जो श्रम प्रधान नहद्र है और इस प्रकार यह रोजगार विहीन विकास को बढावा देता है इसके अलावा भारत की लगभग ५०प्रतिशत आबादी अभी भी कृषि पर निर्भर है जो कि अल्प-रोजगारऔर प्रच्छन्न बेरोजगारी के लिये बदनाम है।

निम्न सामाजिक पूंजीः इसके अलावा उच्च स्तर की भुखमरी, कुपोषण, बच्चों में बौनापन, किशोरियों में रक्ताल्पता का उच्च स्तर, खराब स्वच्छता आदि ने भारत के युवाओं की क्षमता को साकार करने में बाधा पहुँचाई है। अंतर-क्षेत्रीय सहयोगरू युवा पीढ़ी के भविष्य की सुरक्षा के लिये बेहतर अंतर-क्षेत्रीय सहयोग के लिये एक तंत्र का होना अनिवार्य है। विभागों के बीच समन्वय किसी भी संकट से निपटने के लिये बेहतर समाधान और अधिक क्षमता को सक्षम कर सकता है।

उदाहरणतः मध्याह्न भोजन योजना न केवल माता-पिता को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिये प्रोत्साहन प्रदान करती है बल्कि कक्षा में सतर्क रहने के लिये आवश्यक कैलोरी की मात्रा भी प्रदान करती है। युवा आबादी की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिये कौशल विकासरू भारत की श्रम शक्ति को आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिये सही कौशल के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता है। सरकार ने वर्ष २०२२ तक भारत में ५०० मिलियन लोगों को कौशल युक्त करने के समग्र लक्ष्य के साथ राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की स्थापना की है।

सामाजिक बुनियादी ढाँचे में सुधारः यदि भारत अपने युवा उभार की आर्थिक क्षमता का लाभ उठाना चाहता है तो उसे सामाजिक बुनियादी ढाँचे जैसे- अच्छा स्वास्थ्य, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में सुधार करने के लिये निवेश करना चाहिये और पूरी आबादी को अच्छा रोजगार प्रदान करने का प्रयास करना चाहिये। बुनियादी स्वच्छता को बनाए रखनारू चूँकि स्कूल बंद होने से मासिक धर्म संबंधी स्वच्छता उत्पादों की किशोरों तक पहुँच जैसी योजनाएँ प्रभावित हुई हैं। बालिकाओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित करने के लिये फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं को सहयोग करने हेतु शिक्षक स्वयंसेवकों के रूप में काम कर सकते हैं। युवाओं के लिये हेल्पलाइन : किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने के लिये स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्रालयों को मौजूदा हेल्पलाइन के माध्यम से तथा उनके प्रजनन एवं यौन स्वास्थ्य के संबंध में महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत कर उन्हें सक्षम बनाया जाना चाहिये।

महामारी के बाद तत्काल कदमः लंबे समय तक स्कूल बंद रहने के नुकसान के साथ बच्चों के माध्यम से महामारी के संचरण के जोखिम को संतुलित करना नीति निर्माताओं हेतु महत्त्वपूर्ण है। शिक्षकों और स्कूल के सहायक कर्मचारियों के टीकाकरण को प्राथमिकता देकर तथा एक विकेंद्रीकृत दृष्टिकोण के साथ स्कूलों को सुरक्षित और चरणबद्ध तरीके से खोला जा सकता है।

मिशन मोड में युवाओं के जीवन में सुधार करने से उनका जीवन उन्नत होगा, साथ ही स्वस्थ और शिक्षित युवा वयस्कों के चलते भारत के भविष्य को सुरक्षित करने में योगदान भी प्राप्त होगा। युवाओं के सशक्तीकरण की नीतियाँ और उनके प्रभावी कार्यान्वयन से जनसांख्यिकीय लाभांश, जो कि एक समय-सीमित अवसर है, भारत के लिये एक वरदान बन सके।

सुप्रीम कोर्ट ने फेसबुक भारत के उपाध्यक्ष अजित मोहन की याचिका खारिज की

नयी दिल्ली। (आईएनआईएस) उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली विधानसभा

की शांति एवं सौहार्द समिति की ओर से जारी सम्मन के खिलाफ फेसबुक भारत के उपाध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक अजित मोहन की याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। उच्चतम न्यायालय ने फेसबुक भारत के उपाध्यक्ष अजित मोहन की याचिका को अपरिपक्व बताया और कहा कि विधानसभा समिति के समक्ष उनके खिलाफ कुछ नही हुआ है।

दरअसल, विधानसभा ने पिछले साल उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों से संबंधित एक मामले में मोहन को गवाह के तौर पर पेश होने के लिये कहा था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहद्र किया। इसके बाद उन्हें सम्मन भेजे गए। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की पीठ ने मोहन की याचिका को अपरिपक्व बताया और कहा कि दिल्ली विधानसभा के समक्ष उनके खिलाफ कुछ नहीं हुआ है। मोहन, फेसबुक इंडिया ऑनलाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और फेसबुक इंक की याचिका पर यह निर्णय लिया गया है। याचिका में कहा गया था कि समिति के पास यह शक्ति नहद्र है कि वह अपने विशेषाधिकारों का उल्लंघन होने पर याचिकाकर्ताओं को तलब करे। यह उसकी संवैधानिक सीमाओं से बाहर है।

उन्होंने समिति द्वारा पिछले साल दस और १८ सितंबर को जारी नोटिस को चुनौती दी थी। इनमें मोहन को समिति के समक्ष पेश होने के लिये कहा गया था। समिति दिल्ली में हुए दंगों के दौरान कथित भड़काउ भाषण फैलाने में फेसबुक की भूमिका की जांच कर रही है।

खेल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए निकला वाहन, सरकार से है ये प्रमुख मांग

गाजियाबाद (आईएनआईएस) गाजियाबाद से एक खेल साक्षरता प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस वाहन को अर्जुन पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों द्वारा भारत भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एनजीओ स्पोर्ट्सरू ए वे ऑफ लाइफ द्वारा किया गया। संस्थआ के अध्यक्ष डॉ. कनिष्क पांडेय ने इस दौरान कहा कि देश में खेल साक्षरता महज ५ फीसदी है और महिलाओं के बीच तो यह मात्र २.५ फीसदी ही है। ऐसी स्थिति में लोगों को खेल साक्षर बनाएं बिना ओलंपिक मेडल की बात सोचना भी दूर की बात है।

